प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 12.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद की भर्ती में अब 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित।

2- सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में मास्टर माइंड रॉकी को किया गिरफ्तार, हजारीबाग से पकड़े गये ओएसिस स्कूल के प्राचार्य, उप प्राचार्य समेत चार भेजे गये जेल।

3- हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचन्द्र राव होंगे झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, बीआर सारंगी की लेंगे जगह।

4- राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची में राज्य खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों में पकड़ी गड़बड़ियां, दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश।

5- राज्य में मानसून फिर सक्रिय, मौसम विभाग ने रांची समेत सभी 24 जिलों में बारिश का औरेंज अलर्ट किया जारी, तीन दिनों तक रुक–रुक कर होती रहेगी बारिश।

***************

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने इसकी घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सुरक्षा बल के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी प्रबंध कर लिए गये हैं।

रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा कि आरपीएफ में कांस्टेबल पद के लिए सभी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि आरपीएफ पूर्व अग्निवीरों के स्वागत के लिए उत्साहित है।

सशस्त्र सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह ने कहा है कि बल ने पूर्व अग्निवीरों के लिए कांस्टेबल की 10 प्रतिशत रिक्तियों में पहले बैच को आयु में पांच साल की छूट देने का निर्णय लिया है।

***************

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे नीट यूजी पेपर लीक मामले का सरगना माना जा रहा है। वह इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। बताया जाता है कि रॉकी ने अपना ठिकाना झारखंड में बना रखा था। गिरफ्तारी के बाद रॉकी को सीबीआई ने पटना कोर्ट में पेश किया, जहां से सीबीआई को उसकी दस दिनों की रिमांड दी गयी है।

***************

नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य अहसानुल हक और उपप्रधानाचार्य इम्तियाज सहित चार लोगों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई ने 28 जून को इन्हें गिरफ्तार किया था। इन लोगों को गहन पूंछताछ के लिए दिल्ली में ब्यूरो के मुख्यालय लाया गया था। प्रधानाचार्य हजारीबाग के स्कूलों के को–ऑर्डिनेटर थे जबकि उपप्रधानाचार्य ओएसिस स्कूल के केन्द्र अधीक्षक थे। जांच से पता चला कि पटना में खेमनीचक प्ले– स्कूल से जब्त आंशिक रूप से जले प्रश्न पत्र राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से प्राप्त प्रश्न पत्र से मिलते हैं। इस प्रश्न पत्र की श्रृंखला को हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के परीक्षा केन्द्र पर भेजा गया था।

***************

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डा. इरफान अंसारी के जामताड़ा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनके मंत्री बनने से जामताड़ा के विकास को और गति मिलेगी।

***************

पाकुड जिले के ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप सशक्त बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

***************

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम एस रामचन्द्र राव झारखंड उच्च न्यायालय के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम ने उनका तबादला झारखंड उच्च न्यायालय में करने की सिफारिश की है। झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीष बीआर सारंगी 19 जुलाई को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। उनकी सेवानिवृति के बाद न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

***************

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने रांची के कडरू क्षेत्र में स्थित राज्य खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई गड़बड़ियां पकड़ी, जिसके बाद तीन नम्बर गोदाम को सील कर दिया गया है। मंत्री ने कहा कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

***************

भारतीय रेल ने चक्रधरपुर डिवीजन के टाटानगर रेलवे स्टेशन पर रनिंग रूम की सुविधा बढ़ा दी है। टाटानगर के एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल ने बताया कि लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए सौ बेड का एक और रनिंग रुम तैयार किया जा रहा है, जिसमें विश्व स्तरीय सुविधाएं बहाल की जायेंगी।

***************

खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन के तहत खूंटी जिले के बिरसा मुंडा हॉकी एस्ट्रो टर्फ और फुटबॉल स्टेडियम में 30 जुलाई से 02 अगस्त तक हॉकी, एथलेटिक्स, फुटबॉल खो–खो और तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राज्य में अगले तीन दिनों तक तेज हवा चलने और रुक रुक कर बारिश होने की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार मानसून टर्फ के गुजरने से राज्य में बारिश हो रही है।

*****समाप्त***********